कोटद्वार, गुरूवार
26 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 149 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

**एक नजर**

## आज हरिद्वार के चंडीघाट में होगा डॉ. नैथानी का अंतिम संस्कार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जाने माने ज्योतिष व होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. पुष्कर मोहन नैथानी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे दून के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार/बुधवार की रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा। निधन के बाद परिजन डॉ. नैथानी के पार्थिव शरीर को कोटद्वार स्थित आवास पर लाये।

जहां स्थानीय लोगों उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मां भुवनेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नैथानी का अंतिम संस्कार गुरुवार को हरिद्वार के चंडी घाट पर किया जाएगा। गुरुवार की सुबह 8 बजे देवी रोड कोटद्वार स्थित आवास से अंतिम यात्रा शुरू होगी। मृदुभाषी, सामाजिक व धार्मिक कार्यों में रुचि रखने वाले ज्योतिषाचार्य डॉ. नैथानी के निधन पर समाज के विभिन्न वर्गों ने गहरा दुःख प्रकट किया। कोटद्वार स्थित उनके आवास व सोशल मीडिया पर डॉ. नैथानी को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। निधन से दुःखी क्षेत्रवासियों ने उन्हें नैथाणी वंश और उनके इतिहास की गहरी समझ और पैठ रखने वाले विद्वान और ज्योतिषाचार्य बताया। और उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## रास्ते में गिरने से एक की मौत

चमोली : मंगलवार की रात को चमोली जिले के नन्दानगर के गेरी गांव निवासी एक व्यक्ति की रास्ते में गिरने के कारण मौत हो गई। आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम आनन्द सिंह है। गैरी के 65 वर्षीय आनन्द सिंह मंगलवार को रात को जब दुकान से अपने गांव लौट रहे थे।

तब रास्ते में पत्थर पर फिसलने से वे गिर पड़े और उनकी मृत्यु हो गई। उधर मंगलवार को बदरीनाथ में अलकनन्दा में बहे मलेशिया निवासी बलराज सेठी का बुधवार को भी कोई पता नहीं चल पाया है। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार लापता बलराज सेठी की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ और पुलिस का अभियान जारी है। (एजेंसी)

## भीमताल में बाइक की टक्कर से झील में गिरा पर्यटक

हल्द्वानी। भीमताल झील के किनारे घूम रहे एक शिक्षक (पर्यटक) को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद शिक्षक सीधे झील मे जा रहे गिरे। उन्हें डूबता देख आननफानन में नाव चालकों ने उन्हें बाहर निकाला। मामला थाने पहुंचा तो दोनों पक्षों में समझौता हो गया।बुधवार को भीमताल डैम के पास बुलंदशहर से स्कूली बच्चे के साथ आए उनके शिक्षक सुनील कुमार शर्मा घूम रहे थे। इसी समय एक बाइक सवार ने शिक्षक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद शिक्षक ने संतुलन खो दिया और भीमताल झील में जा गिरे। वह झील में डूबने लगे। बच्चों ने शोर मचाया तो पास ही नाव चला रहे चालकों ने उन्हें देख लिया। नाव चालक उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने डूब रहे शिक्षक को झील से बाहर निकाला। जिसके बाद पर्यटकों और स्थानीय लोगों में बहस शुरू हो गई। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों को थाने ले आई। जहां दोनों पक्षों का समझौता करा दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया दोनों पक्षों को शांत करा दिया गया। थाने में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

**उत्तराखंड में अंत्योदय परिवारों के लिए खुशखबरी**

# 2027 तक मिलेंगे निःशुल्क रसोई गैस सिलिंडर



देहरादून।प्रदेश के अंत्योदय राशनकार्डधारकों को वर्ष में तीन निश्शुल्क रसोई गैस सिलिंडर की सुविधा वर्ष 2027 तक मिलेंगे। मुख्यमंत्री निश्शुल्क तीन रसोई गैस सिलिंडर योजना को वर्ष 2027 तक बढ़ाने के खाद्य विभाग के प्रस्ताव को वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने स्वीकृति प्रदान कर दी। सत्तारूढ़ दल भाजपा ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में निर्धन महिलाओं को निश्शुल्क रसोई गैस सिलिंडर देने का वायदा किया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को वर्ष 2022–23 में क्रियान्वित किया गया। यह योजना वित्तीय वर्ष 2023–24 यानी गत 31 मार्च को समाप्त हो गई थी।

**अभी तक बजट जारी नहीं**

यद्यपि, वित्तीय वर्ष 2024–25 में इस योजना के लिए अभी तक बजट जारी नहीं किया गया। विगत सोमवार को खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय समीक्षा बैठक में 1.84 लाख अंत्योदय राशनकार्डधारकों के लिए निश्शुल्क रसोई गैस सिलिंडर योजना के लिए बजट जारी करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस योजना को वर्ष 2027 तक बढ़ाने का प्रस्ताव खाद्य विभाग ने तैयार किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव से पहले यह वायदा किया था। मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए सरकार हरसंभव कदम उठा रही है। यह योजना भी इसका महत्वपूर्ण भाग है।

## हाईवे में स्वाला के पास फिर गिर बड़ी मात्रा में मलबा

चम्पावत। पिथौरागढ़–टनकपुर हाईवे में स्वाला के पास एक बार फिर से बड़ी मात्रा में मलबा और पत्थर गिर गया। घना कोहरा छाने से मलबा हटाने के काम में बाधा आई। मलबे को हटाने के लिए चार मशीनों का सहारा लिया गया। लेकिन पहाड़ी से बार–बार गिर रहे मलबे से सड़क खोलने के काम में दिक्कत हुई। चम्पावत–टनकपुर के बीच स्वाला में बुधवार सुबह भारी मात्रा में मलबा और पत्थर एनएच में गिर गए। स्वाला के पास रैंप बनाने और सड़क चौड़ी करने के लिए बीते मंगलवार से दो दिन के लिए किसी भी तरह के वाहन संचालन पर प्रशासन ने रोक लगाई थी। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल के मुताबिक बीते मंगलवार को यहां दिन भर मलबा हटाने का काम चला। लेकिन बुधवार सुबह बड़ी मात्रा में गिरे मलबे से एक बार फिर पहले जैसे हालात हो गए। इस दौरान सुबह के समय यहां मौसम ने भी साथ नहीं दिया। यहां घना कोहरा छाने से दृश्यता शून्य हो गई। इस वजह से काफी देर तक मलबे को हटाने का काम रोकना पड़ा।

# सिद्दरमैया को बड़ा झटका, कोर्ट ने लोकायुक्त को सौंपी जांच

**तीन महीने में देनी होगी रिपोर्ट**



बेंगलुरू। हाईकोर्ट के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को बुधवार को एमपी/एमएलए कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है। विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (टवऊ्र) घोटाला में सीएम सिद्दरमैया के खिलाफ लोकायुक्त जांच की मंजूरी दी है। न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने मामले की जांच मैसूर जिले के लोकायुक्त अधीक्षक को सौंपी है। उन्हें तीन महीने यानी 24 दिसंबर को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

**एफआईआर के बाद शुरू होगी जांच**

जांच अधिकारी के पास सीएम से पूछताछ करने और गिरफ्तार करने का भी अधिकार होगा। अदालत ने स्पष्ट कहा कि मामले की जांच सीआरपीसी की धारा 156 (3) के प्रावधानों के तहत की जाएगी। सीएम सिद्दरमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद जांच शुरू की जाएगी। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने विशेष अदालत में मुडा घोटाले में एक शिकायत दाखिल की थी।

**हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत**

याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सामने मुडा घोटाला उठाया था। राज्यपाल ने सीएम के खिलाफ अभियोजन चलाने की मंजूरी दी थी। मगर 19 अगस्त को सीएम सिद्दरमैया ने राज्यपाल के आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट में चुनौती दी। मगर वहां भी राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने राज्यपाल के आदेश को बरकरार रखा।

**जांच से नहीं हिचकिचाना चाहिए**

स्नेहमयी कृष्णा के वकील लक्ष्मी अयंगर ने कहा कि यह पहला कदम है। मैसूर लोकायुक्त को एफआईआर दर्ज करने और जांच को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने कहा कि सीएम सिद्दरमैया को जांच से हिचकिचाना नहीं चाहिए।

**एक्शन में उत्तराखंड सरकार**

# अब मिलावटी घी बेचने वालों की खैर नहीं



देहरादून। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावटी घी को लेकर विवाद के बाद प्रदेश सरकार भी एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के निर्देशों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि नियंत्रक विभाग ने प्रदेशभर में देसी घी और मक्खन में मिलावट के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। देसी घी और मक्खन के साथ ही मिठाई की दुकानों से भी सैंपल लिए गए। स्वास्थ्य सचिव और खाद्य आयुक्त डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि राज्य में मिलावटी घी और मक्खन बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर लड्डू का सैंपल लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही बाजार में बिकने वाले घी की जांच के लिए भी कहा गया है।

**कई कंपनियों के घी व मक्खन के सैंपल लिए गए**

अपर आयुक्त ताजबर जग्गी ने बताया कि मिलावटी घी और मक्खन पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेशव्यापी अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी जनपदों में मिठाई की दुकानों और देसी घी व मक्खन बेचने वालों की दुकानों पर छापेमारी के निर्देश अधिकारियों को दिए गए थे। जिसको लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। जांच टीम ने कई कंपनियों के घी व मक्खन के सैंपल भी लिए हैं। सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रुड़की में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, पांच सैंपल लैब को भेजे

रुड़की। खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर की कई दुकानों पर छापा डाला। दुकानों से पूजा घी, लस्सी आदि के पांच सैंपल जांच के लिए भेजे गए। विभाग की कार्रवाई और छापेमारी से शहर के खाद्य सामग्री से जुड़े प्रतिष्ठान व दुकानों मालिकों में अफरातफरी मची रही। खाद्य सुरक्षा आयुक्त आर राजेश के दिशा निर्देश पर बुधवार को विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने शहर की दर्जनों दुकानों को खंगाल डाला। शहर की मार्केट से लेकर ईदगाह चौक की कई दुकानों पर टीम ने छापेमारी की। जहां पर दुकानों पर मिले खाद्य सामग्री के बंद डिब्बे की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरिंग डेट को चेक किया गया। जबकि किस तरह का सामान दुकान पर बिक रहा है ये भी टीम ने जांचा। जिसके बाद टीम ने पूजा घी, लड्डू, भठ्ठा, लस्सी आदि के टेट्रा पैक के सैंपल जांच के लिए लैब भेज दिए। विभाग की ओर से बताया गया की कुल पांच सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। विभाग की कार्रवाई से शहर में खाद्य पदार्थ की दुकान व प्रतिष्ठानों के मालिकों में अफरातफरी मची रही।

# खाई में गिरी भक्तों से भरी बोलेरो, 13 घायल



रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड में एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। चारधाम यात्रा रूट पर भक्तों से भरी बोलेरो गाड़ी गहरी खाई में गिर गई। गाड़ी के गहरी खाई में गिरने के बार भक्तों के बीच मदद को चीख-पुकार निकलने लगी। गाड़ी के खाई में गिरने के बाद ग्रामीणों ने एसडीआरएफ को सूचित किया। एसडीआरएफ की टीम ने तुरंत ही मौके पर पहुंच राहत व बचाव कार्य शुरू किया। गहरी में उतरकर एसडीआरएफ के बहादुर जवानों ने यात्रियों को रेस्क्यू कर नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड के पास बुधवार दोपहर को एक बोलेरो गहरी खाई में गिर गई थी। इंस्पेक्टर कर्ण सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। टीम द्वारा घायलों को रेस्क्यू कर नजदीकि अस्पताल में भर्ती करवाया गया। टीम द्वारा खड़ी चढ़ाई को पारकर 13 घायल भक्तों को रेस्क्यू किया। घायलों में 12 पुरुष-महिला समेत एक बच्चा भी शामिल था। सड़क हादसे में एक यात्री लापता है, जिसकी टीम द्वारा सर्चिंग की जा रही है। (एजेंसी

## खाई में गिरी कार, एक की मौत

नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धौलाधार देवप्रयाग के निकट मंगलवार रात एक कार के खाई के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कार सवार व्यक्ति दिल्ली से चमोली जा रहा था। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि मंगलवार रात करीब पौने नौ बजे बछेलीखाल निवासी ग्रामीणों ने धौलाधार के निकट एक वाहन के गिरने की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं तहसीलदार देवप्रयाग एसएस रावत भी घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी के अनुसार वाहन के सड़क से लगभग सौ मीटर नीचे अंधेरे में घनी झाड़ियों में गिरने से यह पता नहीं चल पा रहा था कि इसमें कितने लोग सवार थे। पुलिस को वाहन के निकट एक व्यक्ति मृत मिला। उसके पास मिले आधारकार्ड से उसकी पहचान 37 वर्षीय सूरज मदान पुत्र चरणजीत सिंह मदान निवासी चंडीगढ़ के रूप में हुई। पुलिस की ओर से यहां चलाए गए सर्च अभियान में कोई अन्य व्यक्ति घटना स्थल पर नहीं मिला। पुलिस ने बुधवार को शव को पीएम के लिए श्रीनगर अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। (एजेंसी)

## उड़ान से पहले दुबई जा रही फ्लाइट से निकलने लगा धुआं, 280 यात्रियों में मचा हड़कंप

चेन्नई। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान से पहले विमान के पंखों से धुआं निकलने का मामला सामने आया है। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। आनन–फानन मामले की जानकारी अधिकारियों को दी गई। इस वजह से फ्लाइट देरी से उड़ सकी। घटना मंगलवार रात की है। विमान से 280 यात्री दुबई जा रहे थे।

**तकनीकी टीम ने की विमान की जांच**

हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार की रात करीब सवा नौ बजे विमान के चालक दल ने धुआं निकलने की जानकारी दी। धुआं पंखों के पास से निकल रहा था। विमान में कुल 280 यात्री थे। तुरंत तकनीकी टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने विमान की गहन जांच की।

दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं

अधिकारियों के मुताबिक धुआं 10 मिनट बाद ही निकलना बंद हो गया। दमकल की गाड़ियों को भी तुरंत मौके पर भेजा गया। उड़ान से कुछ समय पहले धुआं निकलने से यात्रियों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने धुआं निकलने की वजह नहीं बताई।

# पं. उपाध्याय को समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की चिंता थी : महाराज

## महाराज ने भाजपा के सदस्यता महा अभियान में किया प्रतिभाग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के ह्लबूथ-बूथ जाएंगे, 100 सदस्य बनायेंगेह्व अभियान के तहत प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रेम नगर स्थित आर्य समाज मंदिर के बूथ नंबर 38 पर भाजपा के सदस्यता महाअभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। श्री महाराज ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प के व्यक्ति थे। उन्होंने राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ एक उत्कृष्ट मानवतावादी होने का भी परिचय दिया। पंडित जी ने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की चिंता की है।



अभियान के तहत बुधवार को प्रेम नगर (देहरादून) स्थित आर्य समाज मंदिर के बूथ नंबर 38 पर आयोजित सदस्यता महाअभियान कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि भाजपा सदस्यता महाअभियान के तहत हमें प्रत्येक बूथ पर 100 सदस्य बनाकर उन्हें राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी से जोड़कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपनी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करनी है। श्री महाराज ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने सुशासन के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में पंडित दीनदयाल का ही अनुसरण किया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी दूरदर्शी सोच एवं देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार पं. दीनदयाल उपाध्याय ने संगठन के लिए अपना सब कुछ छोड़ कर दिया इसी प्रकार उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी भारतीय जनता पार्टी के इस राष्ट्रव्यापी अभियान में बढ़चढ़ कर योगदान देना चाहिए, ताकि राष्ट्रहित के काम में और अधिक तेजी आ सके। इस अवसर पर भाजपा महानगर महामंत्री विजेंद्र थपलियाल, संजय अरोड़ा, विक्की खन्ना, विनोद पंवार, अनीता मल्होत्रा, सूर्य प्रकाश कटारिया, हैप्पी शर्मा, बूथ अध्यक्ष ज्योति अरोड़ा, चांद शर्मा, गिरधारी लाल आदि मौजूद थे।

## नौकरी के झांसे में गंवाए 1.38 लाख

देहरादून। ऑनलाइन पोर्टल पर बायोडाटा अपलोड कर नौकरी पाने के झांसे में एक युवती 1.38 लाख रुपये गंवा बैठी। युवती की साइबर क्राइम थाने में दी गई तहरीर पर बसंत विहार थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ बसंत विहार महादेव उनियाल ने बताया कि ममता भंडारी निवासी पंडितवाड़ी भूड़गांव ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। बताया कि वह नौकरी की तलाश में थीं। उन्होंने वर्क इंडिया ऐप पर अपना बायोडाटा भेजा था। इसके बाद उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया गया। जिसने खुद को फाउंड इट नाम की कंपनी का कर्मचारी बताया और नौकरी का ऑफर दिया। महिला ने बताया कि नौकरी के नाम पर उनसे पहले 925 रुपये लिए गए। फिर अलग–अलग बहानों से कुल 1.38 ले लिए गए। ममता के अनुसार, उन्हें बताया गया कि बजाज फिनसर्व में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी पक्की हो गई है। इसके लिए कई दस्तावेज और शुल्क के नाम पर रकम ली गई।

**रोक के बाद भी क्यों जलाई जा रही पराली**

# सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली के पड़ोसी राज्य पंजाब में जलाई जा रही पराली का धुंआ दिल्ली की आबोहवा खराब करने भले ही अभी दिल्ली न पहुंचा हो लेकिन पराली जलने का मामला जरूर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पराली जलने का मामला उठा।

शीर्ष अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से पराली जलने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने के लिए किये जा रहे उपायों पर जवाब मांगा है। पूछा है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

**शुक्रवार को होगी सुनवाई**

कोर्ट मामले पर शुक्रवार को फिर सुनवाई करेगा। मंगलवार को वायु प्रदूषण मामले में कोर्ट की मददगार न्यायमित्र वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह ने न्यायमूर्ति अभय एस ओका और आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ के समक्ष



पराली जलने का मामला उठाया। अपराजिता ने कहा कि पराली जलना शुरू हो गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से इस पर स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए। पूछा जाए कि ऐसा क्यों हो रहा है और क्या कार्रवाई की गई है। उनकी दलीलों पर पीठ ने केंद्र सरकार और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से पेश एडीशनल सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि कोर्ट इस पर शुक्रवार तक जवाब चाहता है।

# पैरासिटामोल समेत 53 दवाइयां गुणवत्ता परीक्षण में फेल

आमतौर पर बुखार में खाई जाने वाली पैरासिटामोल टैबलेट गुणवत्ता परीक्षण में फेल हो गई है। इसके अलावा कैल्शियम और विटामिन डी–3 की सप्लीमेंट, मधुमेह की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर की दवाओं सहित 50 से अधिक दवाएं औषधि नियामक द्वारा किए गए गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाई गई हैं। गुणवत्ता परीक्षण में फेल हुई दवाओं की लिस्ट इंडियन ड्रग्स रेग्युलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (उऊरउड) ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की है।



**ये दवाएं टेस्ट में हुई फेल**

भारतीय औषधि नियामक– सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन हर महीने दवाईयों की जांच के लिए कुछ दवाओं को चुनता है। फिर उनकी जांच की जाती है। इस बार सरकारी संस्था ने विटामिन सी और डी3 की टैबलेट्स शेल्कल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी सॉफ्टजेल, एंटीएसिड पैन–डी, पैरासिटामोल आईपी 500 एमजी, डायबिटीज की दवा ग्लिमेपिराइड, हाई ब्लड प्रेशर की दवा टेल्मिसर्टन जैसी दवाई का टेस्ट किया था। जो क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गईं। ये दवाएं हेटेरो ड्रग्स, एल्केम लैबोरेटरीज, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एचएएल), कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, मेग लाइफसाइंसेज, प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर कई दिग्गज दवा निर्माता कंपनियों द्वारा बनाई गई थीं।

**पेट संक्रमण में खाई जाने वाली ये दवाई भी हुई फेल**

पेट के संक्रमण के इलाज के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली दवा मेट्रोनिडाजोल, जिसे पीएसयू हिंदुस्तान एंटीबायोटिक लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित किया जाता है, उन दवाओं में से एक है जो गुणवत्ता परीक्षण में विफल रही है। टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स द्वारा वितरित और उत्तराखंड स्थित प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर द्वारा निर्मित विटामिन सी और डी3 की टैबलेट्स शेल्कल भी परीक्षण में पास नहीं हुई। कोलकाता की कोलकाता औषधि परीक्षण प्रयोगशाला ने एल्केम हेल्थ साइंस की एंटीबायोटिक्स क्लैवम 625 और पैन डी को नकली माना गया है।

# अभी विदा नहीं हुआ है मानसून, पहाड़ों से मैदानों तक बरसेंगे बादल

## हिमाचल–उत्तराखंड में दो दिन का अलर्ट

नई दिल्ली। उत्तर भारत के पहाड़ों में कमजोर पड़े मानसून के एक बार फिर सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ जिलों में दो दिन भारी वर्षा की चेतावनी दी है।

बता दें कि हिमाचल में इस बार मानसून सक्रिय होने के बाद बीच में कमजोर पड़ गया था। हालांकि, अगस्त में सर्वाधिक वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव का कहना है कि प्रदेश से मानसून सामान्य तौर पर 24 सितंबर तक लौट जाता था, लेकिन अभी ऐसा नहीं लग रहा है। अब भी राजस्थान के कुछ भागों से



मानसून के तहत वर्षा होने की स्थिति बनी है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश में मानसून जाने में कुछ समय लग सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 27 सितंबर के बाद मौसम फिर साफ होगा। इससे पहले 2019 में 11 अक्टूबर को मानसून की वर्षा पूरी तरह से बंद हुई थी। फिलहाल अभी छह अक्टूबर तक मानसून जाने के संकेत नहीं हैं। भले ही मानसून की अवधि इस वर्ष लंबी जा रही है, लेकिन प्रदेश में वर्षा सामान्य से 20 प्रतिशत कम हुई है।

**उत्तराखंड में आज तीव्र वर्षा का अलर्ट**

उत्तराखंड में एक सप्ताह से मौसम शुष्क है और पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। हालांकि आज मंगलवार से मौसम ने करवट ली है।

देहरादून समेत पर्वतीय जिलों में दोपहर बाद वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम च्सह के अनुसार, बुधवार को प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादल मंडराने के आसार हैं। कुमाऊं मंडल के पर्वतीय जिलों में गरज–चमक के साथ तेज वर्षा हो सकती है। इसे लेकर कुमाऊं मंडल में यलो अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून में हल्की वर्षा के आसार हैं।

**10 स्थानों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री पार**

हिमाचल में पांच दिन से वर्षा नहीं हुई है। इसके चलते निचले व मध्यम ऊंचाई वाले स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। प्रदेश के 10 स्थानों पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। ऊना में सबसे अधिक तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। शिमला और इसके आसपास पर्यटन स्थलों पर अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री रहा। दोपहर बाद बादल छाने व ठंडी हवा चलने से पर्यटकों व स्थानीय लोगों को राहत मिली।

**अगैती फसलों पर आफत बरसाकर जा रहा मानसून**

देश के पश्चिमी हिस्से से मानसून की वापसी प्रारंभ हो गई है। इस बार सामान्य से छह प्रतिशत ज्यादा बारिश के साथ देर से लौटते मानसून के चलते बिहार, झारखंड एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में पछैती फसलों को तो फायदा होगा, च्कतु उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में पककर तैयार अगैती फसलों को क्षति होने लगी है। पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान की फसल तैयार है। अधिक बारिश से खेतों में खड़ी फसल गिर सकती है। मानक से ज्यादा नमी से मंडियों में बिक्री में परेशानी हो सकती है। खेतों के अधिक गीला होने से दलहन एवं तिलहन फसलों की बुआई में भी देरी होगी।

## सम्पादकीय

# कमाऊ सड़कें, बदहाल जनता

उत्तराखंड में इस बार के मानसून में मैदान से लेकर पहाड़ तक काफी तबाही मचाई है। सबसे अधिक हानि राज्य भर में पहले सड़क तंत्र पर पड़ा है जिसके कारण पहाड़ों में आवागमन पर कई बार बाधाएं देखने को मिली तो वहीं मैदानी क्षेत्रों में आज जो सड़कों की हालत है वह किसी से छिपी नहीं है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की छतिग्रस्त सड़कों को 15 अक्टूबर तक दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। राजधानी देहरादून और हरिद्वार समेत दूसरे जनपदों में सड़क के गुणवत्ता की सीमाएं तोड़ रही है, हैरानी तो इस बात की है कि कई सड़कें अपनी तय सीमा भी पूरी नहीं कर पाती। हालांकि सड़क क्षतिग्रस्त होने के बावजूद ना तो विभाग की ओर से इसे लेकर कोई स्पष्टीकरण मांगा जाता है और ना ही सरकार ही अब तक इस दिशा में अधिक गंभीर नजर आई है। भले ही सड़कों से आम जनता परेशान होती रहे लेकिन यहां सड़कों का जल्दी-जल्दी टूटना भी कई कारोबारियों के घरों को रोशन करता है। सड़के बनती है और तय समय से पहले दम भी तोड़ देती है लेकिन आखिर वह दिन कब आएगा जब सड़कों के निर्माण को लेकर एक जिम्मेदारी तय की जाएगी। होना तो यह चाहिए कि कोई भी सड़क बनने पर वहां सरकार की उपलब्धियां से भरे बोर्ड लगाने से अच्छा है की सड़क की लागत, निर्माण की अवधि और टिके रहने की गारंटी अंकित की जानी चाहिए। निर्माण एजेंसी बोर्ड में गारंटी पेश करें कि अमुक समय तक सड़क का बाल भी बांका होने वाला नहीं है। यह बातें लिखने और सुनने में तो अच्छी लगती है लेकिन यथार्थ में यह संभव नहीं है। सरकारी टेंडर की व्यवस्था और प्रक्रिया किसी से छिपी नहीं है और एक टेंडर के लिए किस स्तर तक ठेकेदार जा सकते हैं, यह तो विभाग और ठेकेदार ज्यादा भली भांति जानते हैं। यदि निर्माण कार्यों में धांधलियों व कमीशन खोरी का खेल खत्म हो जाए और विभाग सड़कों की एक तय सीमा तय कर दे तो क्या मजाल की सड़कों की ऐसी बुरी दुर्दशा हो जाए जैसी कि आजकल नजर आ रही है। सड़के छतिग्रस्त होने के बाद पैच वर्क लगाने का कार्य सिर्फ अपनी नाकामियों को छुपाने जैसा ही है। सरकार हर टेंडर प्रक्रिया के दौरान तय सीमा से पूर्ण कार्य में कमी पाए जाने पर उसे पुनः ठेकेदारों को उनके ही खर्चों पर ठीक करने के नियम जारी करे, लेकिन यहां तो सड़कों का बनना और टूटना दोनों ही बराबर फायदे का सौदा है।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

**भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्युफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है। समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।**

**श्रीमती अनीता प्रवीण**

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है।

भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्युफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) भी लागू कर रहा है।

**वर्ल्ड फूड इंडिया': वैश्विक स्तर पर फूड बास्केट' के रूप में भारत**

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित वर्ल्ड फूड इंडिया' वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है।

यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दर्शायेंगे और इनका उद्देश्य विविध निवेश के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, रिवर्स बायर सेलर मीट' अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी।

उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

# देश और देशवासियों की चिंता करने वाला कौन?

**ओमप्रकाश मेहता**

**हमारे भाग्यविधाताओं (राजनेताओं) की मौजूदा भूमिकाओं की ही बात करें तो ताजा उदाहरण कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी का ताजा अमेरिकी दौरा है, वहां उनके द्वारा दिए गए बयानों से तो ऐसा लगता है कि वे अमेरिका सिर्फ और सिर्फ भारत की बुराईयां ही करने गए है वैसे जहां तक राहुल जी का सवाल है, उनका हमेशा विवादों से ही नाता रहा है, उनके विवादित होने में मैं उनको दोषी इसलिए नही मानता क्योंकि उन्हें राजनीति की वह वास्तविक ट्रेनिंग नही मिल पाई जो मिलना चाहिए न उन्हें यह ट्रेनिंग उनकी दादी इंदिरा जी दे पाई और उनके पिता राजीव गांधी, अब वे जो भी राजनीति कर रहे है, वे अपनी ही सूझबूझ से कर रहे है, जिसमें ऐसी गलतियां होना स्वाभाविक है।**

भारत की राजनीति के मौजूदा स्तर को देखकर आज देश का हर दुद्धिजीवी जागरूक नागरिक हैरान और परेशान है, क्योंकि यहां पक्ष और विपक्ष दोनों ही स्तर के राजनेता देश की नहीं, अपनी राजनीति में व्यस्त है, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेता, जहां मोदी जी के शासन के दशक के जश्न के नशे में खोए है, जो प्रतिपक्ष के नेता विदेशों में जाकर भारत के निंदागान' में व्यस्त है, अब ऐसे में देश और उसके देशवासियों के बारे में चिंता करने वाला कोई नही है, सभी अपनी आत्म प्रशंसा व अपने सुनहरे राजनीतिक भविष्य के रंगीन सपनों में खोए है, जबकि आम देशवासी को अपनी और अपने परिवार की चिंता से ही फुर्सत नही है।

अर्थात कुल मिलाकर देश में प्रजातंत्र मात्र एक मीठी औपचारिकता बनकर रह गया है और देश के रहनुमां अपनी मौज मस्ती में उसी प्रजातंत्र का मजाक उड़ा रहे है, आखिर यह स्थिति देश को कहां ले जाकर खड़ा करेगी, अजा न तो सत्तापक्ष अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहा है और न ही प्रतिपक्ष, आज देश के जागरूक बुद्धिजीवियों के लिए यही सबसे बड़ा चिंता का विषय है।

अब दिनों-दिन देश के आम नागरिक के लिए जीवन यापन भी मुश्किल होता जा रहा है, देश आज दो वर्गों में स्पष्ट विभाजित नजर आता है, एक वर्ग वह जो सत्ता व प्रतिपक्ष की राजनीति से जुडक़र शोषक' बना हुआ है, तो दूसरा वर्ग वह जो ईश्वर पर आस्था रख जैसे तैसे अपना जीवन बसर कर रहा है। और जहां तक देश के आधुनिक भाग्यविधाताओं (राजनेताओं) का सवाल है, वे इन्हीं असहाय व लाचार वग्र के नाम पर अपनी राजनीतिक चालें चलकर मौज-मस्ती कर रहे है और उन्हें देश या देशवासियों की कोई चिंता नही है, आजादी की हीरक जयंती हम इसी माहौल में मनाने को मजबूर है।यदि हम हमारे भाग्यविधाताओं (राजनेताओं) की मौजूदा भूमिकाओं की ही बात करें तो ताजा उदाहरण कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी का ताजा अमेरिकी दौरा है, वहां उनके द्वारा दिए गए बयानों से तो ऐसा लगता है कि वे अमेरिका सिर्फ और सिर्फ भारत की बुराईयां ही करने गए है वैसे जहां तक राहुल जी का सवाल है, उनका हमेशा विवादों से ही नाता रहा है, उनके विवादित होने में मैं उनको दोषी इसलिए नही मानता क्योंकि उन्हें राजनीति की वह वास्तविक ट्रेनिंग नही मिल पाई जो मिलना चाहिए न उन्हें यह ट्रेनिंग उनकी दादी इंदिरा जी दे पाई और उनके पिता राजीव गांधी, अब वे जो भी राजनीति कर रहे है, वे अपनी ही सूझबूझ से कर रहे है, जिसमें ऐसी गलतियां होना स्वाभाविक है इसलिए इसके लिए राहुल जी को दोष देना मैं ठीक नही समझता, शायद उनके सत्ता सलाहकार भी अपने अस्तित्व के भविष्य की चिंता के कारण उन्हें सही सलाह नही दे पा रहे है। भारत के राजनीतिक पंडितों का यह भी मानना है कि मोदी जी की राजनीतिक मजबूती का मुख्य स्त्रोत प्रतिपक्ष की कमजोरी ही है, आज जो देश में प्रतिपक्ष नजर आ रहा है, वह अपने मूल दायित्वों को इसलिए ठीक से नही निभा पा रहा है क्योंकि उसे अपने स्वयं के अस्तित्व की भी चिंता है और साथ ही अपने आप पर भरोसा भी नही है, इसी कारण मोदी जी के शासन का एक दशक सफलता पूर्वक पूरा हो गया और यही स्थिति रही हो गृहमंत्री अमित शाह की 2029 की भविष्यवाणी भी सच हो जाएगी पर फिर प्रतिपक्ष कहां होगा, यह कल्पना ही व्यर्थ है?

इन्ही सब स्थितियों और कारणों से भारतीय राजनीति और उनकी संभावनाओं की स्थिति डांमाडोल बनी हुई है और इस अस्थिरता के चलते सत्ताधारी लूट सके सो लूट'' की मुद्रा में है तो प्रतिपक्ष उन्हें अदृष्य सहायता करने में व्यस्त है, अब ऐसे में देश और देशवासियों की चिंता करने वाला कौन? सब भगवान भरोसे.?

# जमानत की शर्तें तर्कसंगत हो

यह कैसी विडम्बना है कि केजरीवाल जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं लेकिन जेल से बाहर आकर मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते! सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति में हुए कथित घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत दी थी। इसके दो महीने बाद 13 सितंबर को उसने सीबीआई के मामले में भी उनको जमानत दे दी। दोनों ही मामलों में जमानत की एक समान और बेहद कठोर शर्तें लगाई गईं। मुख्यमंत्री को जमानत देते हुए जैसी शर्तें लगाई गई हैं वह हैरान करने वाली हैं। क्योंकि खुद सर्वोच्च अदालत ने कई मामलों में कहा है कि जमानत देते समय सोच समझ कर शर्तें लगानी चाहिएं। केजरीवाल का मामला और भी आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि जब वे जेल में थे तब सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था कि वे जेल में रह कर सरकार के फैसलों से जुड़ी फाइलों पर दस्तखत कर सकते हैं या नहीं लेकिन एक दूसरी बेंच ने उनको जमानत देते हुए फाइलों पर दस्तखत करने पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने एक मामला आया था, जिसमें जेल काट रहे एक सजायाफ्ता याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली सरकार उसकी सजा माफ करने में देरी कर रही है जजों ने इस बारे पूछा तो दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में बंद हैं इसलिए फाइलों पर दस्तखत नहीं कर पा रहे हैं, जिससे देरी हो रही है तब अदालत ने एडिशनल सॉलिसीटर जनरल से पूछा था कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के लिए कोई प्रतिबंध आदेश है? बेंच ने कहा हम इसकी जांच करना चाहते हैं क्योंकि इससे सैकड़ों मामले प्रभावित होंगे।

इस सवाल पर एडिशनल सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वे इस मुद्दे पर निर्देश लेंगी। इसके बाद कोर्ट को बताएंगी। यह पांच सितंबर का मामला है। इसके एक हफ्ते बाद 13 सितंबर को जस्टिस उज्ज्वल भुइंया और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी लेकिन कई शर्तों में एक शर्त यह लगा दी कि वे फाइलों पर दस्तखत नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं अदालत ने यह भी कहा कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जाएंगे। आमतौर पर जमानत में जो शर्तें लगाई जाती हैं जैसे आरोपी सबूतों व गवाहों से छेड़छाड़ नहीं करेगा या मुकदमे के बारे में बयानबाजी नहीं करेगा, जमानत के बॉन्ड भरेगा, जरुरत होने पर अदालत और एजेंसी के सामने पेश होगा आदि, ऐसी सारी शर्तें केजरीवाल पर भी हैं।

# 3 साल से अच्छे काम के इंतजार में है अहाना कुमरा, फूटा दर्द, बोलीं-इंडस्ट्री में केवल ए ग्रेड एक्टर की मांग



टीवी और ओटीटी पर संघर्ष करने के बाद फिल्मों में काम कर चुकी एक्ट्रेस अहाना कुमरा को अब 3 साल से काम नहीं मिला है. अहाना कुमरा ने खुद इसकी जानकारी दी है. अहाना कुमरा ने बताया कि वे 3 साल से अच्छे किरदारों का इंतजार कर रही हैं. लेकिन अभी तक उन्हें कोई अच्छा रोल नहीं मिला है. इसी के चलते परेशान होकर अहाना कुमरा ने फिल्म मेकिंग पर फोकस शुरू कर दिया है. अहाना ने बताया कि बॉलीवुड में केवल ए ग्रेड एक्टर्स के पास ही अच्छा काम आता है.2 साल पहले 2022 में आई मधुर भंडारकर की फिल्म लॉक-डाउन में नजर आने वाली एक्ट्रेस अहाना कुमरा बताया कि बॉलीवुड में केवल ए ग्रेड एक्टर्स को ही लगातार काम मिलता है. अहाना ने बताया, मैं बीते 3 साल से काम के इंतजार में हूं. लेकिन अभी तक मेरे पास कोई काम नहीं आया है. कोई भी किसी तरह का काम मुझे ऑफर नहीं कर रहा है. मैं ओटीटी पर खूब काम किया करती थी. लेकिन लंबे समय से मेरे पास कोई काम नहीं है. लेकिन ये सब चलता रहता है. बॉलीवुड में लोग केवल ए ग्रेड एक्टर्स को ही लगातार काम देते हैं. या तो फिल्म मेकर्स किसी बड़े स्टार के पास जाता है या फिर बिल्कुल ही कम पैसे वाले एक्टर्स को कास्ट कर लेता है. मैं कुछ और काम करने का भी सोच रही हूं क्योंकि मुझे भी अपना घर चलाना है.

अहाना कुमरा ने साल 2009 में अपने करियर की शुरुआत की थी. टीवी सीरियल बॉलीवुड हीरो में नजर आने के बाद अहाना कुमरा ने कई शानदार प्रोजेक्ट्स में काम किया. इतना ही नहीं 2 दर्जन से ज्यादा टीवी सीरियल और ओटीटी सीरीज में दमदार किरदार निभाए हैं. अपने अब तक के करियर में अहाना कुमरा ने 39 से ज्यादा टीवी सीरियल, ओटीटी सीरीज और फिल्मों में काम कर लिया है.

## यशस्वी को मिला तगड़ा फायदा; रोहित-कोहली को हुआ घाटा

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 280 रन से अपने नाम किया। टेस्ट में काफी लंबे समय बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने शतकीय पारी खेली। उन्हें इस प्रदर्शन के बाद आईसीसी से इनाम मिला है। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल समेत कई प्लेयर्स को तगड़ा फायदा हुआ है, जबकि रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने चेन्नई टेस्ट में बल्ले से फ्लॉप प्रदर्शन किया। उन्हें आईसीसी रैंकिंग में नुकसान झेलना पड़ा है। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली जीत के बाद आईसीसी रैंकिंग में भारतीय प्लेयर्स को फायदा हुआ है।

# कुलदीप की काट का बांग्लादेश ने निकाला तोड़

कानपुर। ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी मेजबान और मेहमान ने शुरू कर दी है। बुधवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में पहले नेट्स सत्र में बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने लोकल ब्वॉय की मदद से पिच के मिजाज को परखा। करीब 27 लोकल गेंदबाज, जिसमें ज्यादातर स्पिनर की मदद से नेट्स पर बांग्लादेश के प्रमुख बल्लेबाजों ने खूब पसीना बहाया। शाकिब अल हसन, रहीम, नजमुल हुसैन शांतो और लिटन दास ने जमकर स्पिन गेंदबाजी का सामना किया।

**जयेश का किया सामना**

चेन्नई टेस्ट में स्पिनर अश्विन की चुनौती से जूझने के बाद अब बांग्लादेशी



क्रिकेटर कानपुर में चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव की कट ढूंढने में जुड़ गए हैं। स्पिन की मददगार पिच पर कुलदीप अश्विन और जडेजा की तिखाड़ी से निपटने के लिए मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने चेन्नई से विशेष रूप से चाइनामैन गेंदबाज जयेश के सामने करीब तीन घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने लोकल ब्वॉय में 10 तेज गेंदबाज और 17 स्पिनर्स के साथ टेस्ट की तैयारी की।

**चेन्नई में चमके हसन और तस्कीन ने जमकर की गेंदबाजी**

नेट्स सत्र में चेन्नई में हुए भारत बांग्लादेश टेस्ट के पहले मैच में पांच विकेट हासिल करने वाले तेज गेंदबाज हसन और तस्कीन जमकर अभ्यास किया। पिच के व्यवहार और उससे मिलने वाली मदद को परखने के लिए प्रमुख गेंदबाजों में शाकिब अल हसन, शांतो, लिटन दास और रहीम ने मोर्चा लिया।

# अभिनेत्री अलाया एफ को डिटॉक्स फूड बहुत पसंद

बॉलीवुड अभिनेत्री अलाया एफ ने सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनसे ऐसा लगता है कि वह फिलहाल डिटॉक्स डाइट पर हैं। इंस्टाग्राम पर अलाया के 1.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज में दो फोटो शेयर की हैं। दोनों तस्वीरों में खाने की अलग-अलग डिश देखने को मिल रही है। यह 2020 की बात है, जब पूर्व अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी अलाया ने पारिवारिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म जवानी जानेमन से अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्होंने एक 21 वर्षीय लडक़ी की भूमिका निभाई, जो 40 वर्षीय व्यक्ति को अपना पिता बताती है, जिसे शादी से नफरत है।

इसके बाद उन्हें पहली बार कार्तिक आर्यन के साथ 2022 की फिल्म फ्रेडी में देखा गया था। जिसमें उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया था। जिसमें उनका पति उनके साथ मारपीट करता है। हालांकि, कहानी में नया मोड़ आता है, जब वह कार्तिन आर्यन को अपने प्रेम में फंसाकर अपने पति की हत्या करवा देती है।

2023 में, वह करण मेहता के साथ ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत में थीं। इसके बाद उन्होंने अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत बड़े मियां छोटे मियां जैसी फिल्मों में काम किया।

अलाया, राजकुमार राव के साथ श्रीकांत में शामिल थी। इस महीने की शुरुआत में उन्हें अभिनेता बाबिल खान के साथ एयरपोर्ट पर देखा गया था, जिससे उनके संभावित नए प्रोजेक्ट या उनके बीच रिश्ते के बारे में अटकलें लगाई जा रही थीं। वीडियो में अलाया ने काले रंग का स्लीवलेस टॉप पहना हुआ था और इसे मैचिंग जींस के साथ पेयर किया था। दोनों ने कैमरे के सामने अपनी मुस्कान बिखेरी। दिवंगत स्टार इरफान खान के बेटे बाबिल को आखिरी बार वेब सीरीज द रेलवे मेन : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ भोपाल 1984 में देखा गया था। इसमें आर माधवन, केके मेनन और दिव्येंदु भी हैं। बाबिल क़ला और फ्राइडे नाइट प्लान जैसी परियोजनाओं का भी हिस्सा रहे हैं।

वह अगली बार द उमेश क्रॉनिकल्स में नज़र आएंगे।

## इंटरनेट पर छाया रकुल प्रीत सिंह का हॉट बॉसी लुक

बी-टाउन की खूबसूरत हसीना रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपनी अदाओं से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका स्टाइलिश लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।

# भारतीय खेमे में दूसरे टेस्ट से पहले मची खलबली

नई दिल्ली। बांग्लादेश के कोच चंडिका हथुरुसिंघा ने कानपुर में होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय खेमे की चिंता बढ़ा दी है। हथुरुसिंघा ने कहा कि भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शाकिब अल हसन उपलब्ध रहेंगे।

बता दें कि शाकिब अल हसन का चेन्नई में संपन्न पहले टेस्ट में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने मैच में 21 ओवर किए, लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं कर सके। इसके अलावा बल्ले से भी उनका प्रदर्शन जोरदार नहीं रहा और दोनों पारियों में उन्होंने क्रमशः 32 व 25 रन बनाए। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने पहले टेस्ट की पहली पारी में शाकिब को पीछे



धकेले रखा था। पारी के 50 ओवर बीत जाने के बाद शांतो ने शाकिब को गेंदबाजी की जिम्मेदारी थमाई थी। वैसे, शाकिब अल हसन की फिटनेस भी संदेह के घेरे में हैं। उन्हें उंगली में समस्या है और वह बल्लेबाजी के समय उंगली में स्ट्रैप पहनकर आए थे।

हथुरुसिंघा ने क्या कहा

शाकिब अल हसन के बारे में कोई शक नहीं है। मैंने फिजियो से उनकी चोट के बारे में कुछ नहीं सुना है। वह चयन के लिए उपलब्ध हैं। बांग्लादेशी कोच ने स्वीकार किया कि शाकिब अल हसन को अपने गेम का स्तर ऊपर करने की जरुरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि शाकिब फॉर्म पाने के लिए अपना पूरा जोर लगा रहे हैं। कोच ने साथ ही कहा कि भारतीय गेंदबाजी आक्रमण बेहद मजबूत है।

**शाकिब के बारे में हथुरुसिंघा ने क्या कहा**

सिर्फ प्रदर्शन की बात नहीं। मैं सभी के प्रदर्शन से निराश हूं। हम चेन्नई में बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। मुझे विश्वास है कि शाकिब को भी एहसास हुआ होगा कि उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने की जरुरत है।

## एक नजर

### स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज कुंभीचौड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने सफाई अभियान चलाते हुए आमजन को इसके प्रति जागरूक किया। आयोजित शिविर का शुभारंभ समाज सेवी सत्यप्रकाश थपलियाल, पीएल खंतवाल, शिक्षा अभिभावक संघ के अध्यक्ष दामोदर सिंह व प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल सहित कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र भंडारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान, लक्ष्यगीत की भी प्रस्तुति दी। साथ ही विद्यार्थियों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, राजस्थानी, नेपाली व हिंदी गानों पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देने की भी सीख दी। अभियान के दौरान विद्यालय के आसपास साफ-सफाई के साथ ही पूर्व में लगाए गए पौधों की निराई-गुड़ाई भी की गई। इस मौके पर पूनम पांथरी, अरविंद कुमार वर्मा, विनोद कुमार, प्रकाश चंद्र, नीरज कुमार, राजेंद्र कुमार भंडारी, अनिल प्रसाद गौड़, महेश मोहन, अनिल राणा, यशोदा नैथानी, विवेक चौहान, मेहरबान सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : विकासखंड कल्जीखाल के भटकोटी गांव तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक पौड़ी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण ने उठाई है। ग्रामीण लंबे समय से गांव को सड़क सुविधा से जोड़े जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कहा कि सड़क के अभाव में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजयुमो अभिषेक नेगी ने बताया कि भटकोटी गांव को जोड़ने के लिए विधायक ने ग्रामीण निर्माण विभाग को प्रस्ताव भी भेजा है। इसके बावजूद इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया। जिस कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी को ज्ञापन देकर अविलंब गांव को सड़क से जोड़ने की मांग की गई है। विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने उक्त मार्ग को जल्द स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया है।

### स्वच्छ भारत मिशन में सभी लोग दें आहुति

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि द्वारा स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत साइबर सुरक्षा शिविर और मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इजंनियरिंग विभाग के डॉ. वरुण बर्थवाल और शारीरिक शिक्षा विभाग के डा. मुकुल पंत और डॉ. प्रवीण कुमार के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और सफाई कर्मियों को साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी गई। इसके साथ ही मिनी मैराथन में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन सरकारी कार्यक्रम नहीं है, यह एक महायज्ञ है, जिसमें सभी लोग आहुति दें। कहा कि स्वच्छता एक सेवा है, जिसका फायदा सभी को मिलता है। हम सब को मिलकर स्वच्छता को अपने स्वभाव, संस्कार व संस्कृति में जोड़ना होगा। अभियान के नोडल अफसर मोहित सिंह बिष्ट ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत दो अक्तूबर तक गढ़वाल विवि में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस मौके पर इंजीनियर राजेंद्र प्रसाद, डॉ. अमरजीत,रोहित ममगाईं, सुदीप कुमार, मनोज रावत, नरेंद्र पुरी आदि शामिल थे।

### गढ़वाल विवि में महिला सुरक्षा गार्डों की तैनाती की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : ऑल इंडिया डीएसओ छात्र संगठन ने गढ़वाल विवि में महिला सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। बुधवार को महिला सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति की मांग को लेकर डीएसओ छात्र संगठन ने गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में छात्रा प्रतिनिधि शिवानी सिंह, पूर्व छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान, डीएसओ की ऑल इंडिया काउंसिल मैम्बर रेश्मा पंवार और प्रिया कुमारी ने कहा कि मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुई हाथपाई के दौरान वहां पर कोई भी महिला सुरक्षा गार्ड नहीं थी। उन्होंने डीएसडब्ल्यू से विवि में महिला गार्डों की अधिक संख्या में नियुक्ति किए जाने और आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# धू-धू कर जली रावण की सोने की लंका

**जयन्त प्रतिनिधि ।**

कोटद्वार : बद्री-केदार रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला के चौथे दिन हनुमान द्वारा लंका का दहन का मंचन किया गया। इस दौरान पूरा रामलीला का पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

बेलाडाट में आयोजित रामलीला के चौथे दिन का शुभारंभ क्रिएटिव चिल्ड्रन एकेडमी के प्रबंधक प्रधानाचार्य दीपक गौड़ ने किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान राम के आदर्शों पर चलने की अपील की। मंचन के दौरान श्रीराम सुग्रीव व हनुमान जी को माता सीता का पता लगाने का आदेश देते हैं। सीता की खोज के दौरान हनुमान जी को प्यास लगती है। रास्ते में उन्हें जटायु का भाई मिलता है, जो उन्हें बताता है कि समुद्र पार लंका में सीता अशोक वाटिका में हैं। हनुमान जी समुद्र पार कर लंका जाते हैं और सीता को भगवान श्रीराम की दी अंगूठी देते हैं, जहां राक्षस हनुमान को पकड़ कर रावण के पास ले जाते हैं। रावण हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। आग लगने पर हनुमान जी पूरी लंका में आग लगा देते हैं। इस मौके पर आनंदी देवी, चंद्रप्रकाश धस्माना, कुणाल गौड़, सुशील चौधरी, नवीन सुंदरियाल, सुदीप बौंठियाल, योगेंद्र विष्ट, रोशन सिंह, बलवंत सिंह, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।



रामलीला में मंचन करते कलाकार

### कांग्रेस ने महिला कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

कोटद्वार : संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने वाली महिलाओं को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। जिला और महिला कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रति समर्पण भाव से कार्य कर रही महिला कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही यूथ कांग्रेस के नवनियुक्त कोटद्वार विधानसभा अध्यक्ष शुभम रावत का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूती दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिला कार्यकर्ताओं ने आम जन को पार्टी से जोड़कर मजबूती प्रदान की है। कहा कि आगामी चुनावों में कांग्रेस सत्ता में आयेगी और भाजपा सरकार द्वारा अवरुद्ध विकास कार्यों को आगे बढ़ायेगी। वही नव निर्वाचित कोटद्वार विधानसभा अध्यक्ष शुभम रावत ने कहा कि संगठन की ओर से जो भी जिम्मेदारी उनको दी गई है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। तत्पश्चात स्वपन नेगी, सुनीता बिष्ट, सुधा असवाल, शहनाज शम्सी, सुरी देवी, राम चंद्री देवी, आशा देवी, सरोजनी देवी, शशि भंडारी, सावित्री नेगी, माया बिष्ट, कुसुम भंडारी, रजनी पटवाल, शकुंतला डबराल, जयंती देवी, नंदा बिष्ट और लक्ष्मी चौहान सहित अन्य महिला कार्यकर्ताओं को माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# पहाड़ों में नहीं थम रही गुलदार की धमक, उतिंडा में दिखे दो गुलदार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत उतिंडा गांव में गुलदार ने एक गाय और एक बछिया को घायल कर दिया। जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। उतिंडा में दिन में ग्रामीणों को दो गुलदार नजर आए हैं। ऐसे में ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। 21 सितंबर की सुबह सात वर्षीय कार्तिक पर गुलदार के हमले की घटना के बाद दहशत बनी हुई है। एक दिन पूर्व दोपहर में गुलदार ने पास के गांव उतिंडा के राजस्व ग्राम भेंडाखाल में एक गाय और एक बछिया को घायल कर दिया है। उतिंडा की ग्राम प्रधान सीमा देवी ने बताया कि गांव में दिन दहाड़े दो गुलदार नजर आए हैं।



गुलदार शोर मचाने पर भी नहीं डर रहे हैं। यहां पेड़ पर चढ़ने गुलदारों को देखकर लोगों में दहशत बनी रही। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव में पहुंची। टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है। उधर, शैल शिल्पी विकास संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को गांव पहुंचकर प्रभावित परिवार से मुलाकात की और उन्हें 17100/- की आर्थिक मदद प्रदान की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास आर्य ने बताया कि कार्तिक के पिता मोहन सिंह और ताऊ कुलदीप सिंह गरीब परिवार के हैं और दूसरे की जमीन पर रह रहे हैं। उनका घर भी काफी खस्ताहाल है। उन्होंने शासन-प्रशासन और वन विभाग से प्रभावित परिवार को अविलंब मुआवजा देने की मांग की है। अन्य संगठनों के लोगों ने भी गांव में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। ग्राम पंचायत ठांगर की प्रधान सोनम देवी और समाज सेवी जितेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में गुलदार की धमक बनी हुई है। दहशत के कारण महिलाएं भी खेत और जंगल में चारापत्ती तक लेने नहीं जा पा रही हैं। ग्रामीण दिन ढलते ही घरों में कैद हो जा रहे हैं। गांव में चारों ओर लैंटाना और गाजर घास की झाड़ियां होने के कारण गुलदार के हमले का खतरा बना हुआ है।

# घुरड़ का शिकार करने वाले दो आरोपियों को भेजा जेल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी के गडोली में घुरड़ का शिकार करने के मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। बुधवार को दोनों आरोपियों को वन विभाग ने कोर्ट में पेश किया। जबकि फरार चल रहे एक आरोपी ने सरेंडर के लिए प्रार्थना पत्र भेजा है। शासकीय अधिवक्ता आशीष जदली ने बताया कि कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार खांड्यसैंण भेज दिया है।

गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी रेंज के गडोली में मंगलवार को वन विभाग की टीम ने घुरड़ के मांस और खाल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया था। टीम ने मौके से एक बंदूक भी बरामद की थी।

गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वपनिल अनिरुद्ध ने बताया कि इस मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए थे, जबकि दो फरार हो गए थे। सभी के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

फरार चल रहे दोनों आरोपियों की भी धरपकड़ तेज कर दी गई है। जल्द ही दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा, इसके लिए टीम का गठन कर दिया गया है।

हालांकि फरार चल रहे आरोपी प्रमोद भंडारी और विजय दोनोसी में से दनोसी ने कोर्ट में आत्समर्पण के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। बुधवार को घुरड़ के मांस के साथ गिरफ्तार नेपाली मूल के तुला बहादुर और साजिद खान हाल निवासी गडोली को पौड़ी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। शासकीय अधिवक्ता आशीष जदली ने बताया कि कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार खांड्यसैंण भेज दिया है।

### गोवंश संरक्षण व सीवर लाइन नहीं होने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बालासौड़ निवासी किसान नेता पीताराम ध्यानी ने नगर निगम बनने के बाद भी शहर में गोसंरक्षण व सीवर लाइन की व्यवस्था नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए शासन-प्रशासन को गंभीरत से कार्य करना चाहिए। समस्या के संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि शहर में लगातार आवारा गोवंशों की संख्या बढ़ती जा रही है। सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश से लोगों को खासी परेशानी हो रही है। निराश्रित गोवंश किसानों की खड़ी फसल को चट कर जा रहे हैं। गोवंश की समस्या का स्थाई समाधान के लिए उनके लिए गौशालाओं का निर्माण करवाया जाए। उन्होंने कोटद्वार शहर में सीवर लाइन न बिछाए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि कोटद्वार नगर की लगातार आबादी बढ़ रही है। सीवर की पुरानी व्यवस्था भी सीमित क्षेत्र में है। कोटद्वार से सटे जनपद बिजनौर के वन क्षेत्र में पहले सीवर की व्यवस्था थी। लेकिन, राज्य बनने के बाद व्यवस्था टूट गई, जिससे सीवर का पानी खुले रूप में बह रहा है और जिससे नजीबाबाद से कोटद्वार की तरफ आते ही सीवर की बदबू आनी शुरू हो जाती है। उन्होंने शहर में सीवर ट्रीटमेंट की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# आरक्षण विरोधी बयान पर फूंका राहुल गांधी का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आरक्षण विरोधी बयान देने के विरोध में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। कहा कि राहुल गांधी देश को बांटने का कार्य कर रहे हैं। जबकि, भारतीय जनता पार्टी समाज के लोगों के हितों को लेकर लगातार योजनाएं बना रही है।

पुतला दहन से पूर्व भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ऋषिपाल सिंह ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से ही दलित विरोधी रही है, जिसको अनुसूचित मोर्चा कभी कामयाब नहीं होने देगा। कांग्रेस ने 1952 में लोकसभा चुनाव और 1954 में लोकसभा उपचुनाव में डॉ. आंबेडकर को हराने का पाप किया। वहीं धारा 370 को समाप्त कर जम्मू कश्मीर के अनुसूचित जाति वर्ग को 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय व सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। एक तरफ तो कांग्रेस कहती है कि पार्टी निचले पायदान के लोगों का विकास करेगी। वहीं, जब राहुल गांधी देश से बाहर जाते हैं तो देश के खिलाफ तक बोलने से गुरेज नहीं करते। कहा कि राहुल गांधी की इस बात से अनुसूचित समाज में रोष फैल रहा है और इसका जवाब चुनाव में मिलेगा। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री हंसलता, यस गोदियाल, नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, नगर उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह आर्य, हर्ष कुमार, मनोज, अंजेश कुमार, कपिल कुमार, रोहन आर्य आदि उपस्थित थे।



कोटद्वार में राहुल गांधी का पुतला दहन करते भाजपा अनुसूचित मोर्चा के सदस्य

# पुरातन छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने को किया मंथन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड एकेश्वर के इंटरमीडिएट कॉलेज इंदिरापुरी में बुधवार को पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान पुरातन छात्रों ने स्कूल के अपने अनुभवों को साझा किया।

समारोह का शुभारम्भ वरिष्ठ पूर्व छात्र शिवदयाल इष्टवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के पूर्व छात्र कर्नल मेहरबान सिंह चौहान ने कहा कि सन् 1947 में स्थापित इस विद्यालय ने सर्वप्रथम क्षेत्र की मवालस्यूं, रिंगवाड़स्यूं व घुड़दौड़स्यूं पट्टियों में शिक्षा की अलख जगाई। तब क्षेत्र में जूनियर स्तर से इंटरमीडिएट स्तर तक कोई विद्यालय नहीं था।

कहा कि पूर्व छात्र संगठन का लक्ष्य सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय का इंफ्रास्ट्रक्चर सही कर उसके अस्तित्व को बचाना है, क्योंकि पलायन के चलते विद्यालय में छात्र संख्या लगातार घट रही है। सौकार सिंह रावत ने विद्यालय के प्रबंधक महेंद्र डंडरियाल के कार्यकाल में विद्यालय भवन की स्थिति सुधारने के कार्य की सराहना की और इस कार्य हेतु पुरातन छात्र परिषद की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। मौके पर नए साल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरातन छात्रों की ओर से विद्यालय में वृहद कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में मेहरबान सिंह चौहान, मनमोहन घिल्डियाल, प्रदीप बमोला, सतीश इष्टवाल, हेमचंद्र इष्टवाल, कांता प्रसाद डंडरियाल, सुरेंद्र सिंह रमोला, मनमोहन इष्टवाल, मनवर चौहान, कृष्णमोहन भट्ट, रविन्द्र घिल्डियाल, देवेंद्र भट्ट, अनिल डंडरियाल और गौरव रावत सहित अन्य पुरातन छात्र मौजूद रहे।



आयोजित बैठक में भाग लेते पुरातन विद्यार्थी

### पेड़ से लटका मिला कर्मचारी का शव

चमोली : जोशीमठ के मारवाडी में जेपी बिजली कंपनी में कार्यरत एक कर्मी का शव उसके सरकारी आवास से लगभग 50 मीटर की दूरी पर एक पेड़ से लटका हुआ मिला है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टिया मामला खुदकुशी का लग रहा है, लेकिन मामले की जांच शुरू कर दी गई है। थाना एसआई जोशीमठ देवेन्द्र पंत ने बताया कि बुधवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि जेपी बिजली कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा की जेपी कैंपस के अंदर ही मृतक का शव उसके घर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर एक पेड़ से लटका हुआ है। बताया कि पुलिस टीम ने पेड़ से शव को नीचे उतारा गया। बताया कि शव का पंचनामा भर जोशीमठ में उसका पोर्स्टमाटम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# अफसर कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दें : सीडीओ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभागीय अधिकारी कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दें व अपनी जवावदेही तय करें। उन्होंने सिंचाई विभाग, मत्स्य विभाग, लोनिवि विभाग, कृषि विभाग, स्वजल विभाग, एलोपैथिक विभाग, रेशम विभाग सहित अन्य सभी विभागों से आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि की जानकारी ली ।

बुधवार को आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला योजना, राज्य पोषित योजनाएं व केन्द्र पोषित योजनाओं में आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि की जानकारी के साथ-साथ बीस सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति की संपूर्ण जानकारी ली। उन्होंने पूर्व में आवंटित बजट के सापेक्ष खर्च बढ़ाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग व पंचायतीराज विभाग को निर्देशित किया कि किये गये कार्यों पर निगरानी बनाये रखें, जिससे कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने पंचायती राज विभाग से निर्माणाधीन पंचायत घरों की गुणवत्ता व अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी ली। जल संस्थान से जल जीवन मिशन, पाइप लीकेज व अन्य संबंधित जानकारी ली। पर्यटन विभाग को दूधातोली ट्रैक रूट को विकसित करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, जिला पर्यटन अधिकारी केएस नेगी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## महिलाओं और छात्रों ने लगाई फूड स्टाल, रंगोली और चित्रकला प्रदर्शनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बुधवार को जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी में रस्याण कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास विभाग के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महिला समूहों और कॉलेज के छात्रों ने फूड स्टाल के साथ ही रंगोली और चित्रकला प्रदर्शनी लगाई। विधायक पौड़ी ने इस दौरान लाभार्थी परिवारों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की।

रस्याण सुपोषित किशोरी सशक्तता नारी कार्यक्रम में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। विधायक पोरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की है, इनका लाभ हमें उठाना चाहिए। उन्होंने रस्याण कार्यक्रम में लगे फूड स्टॉल की भी सराहना की। कहा कि हमे बेटी और बेटों में भेदभाव न करते हुए दोनों को समान अवसर देना चाहिए। कार्यक्रम में जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ. वीएन काला, जिला बाल विकास अधिकारी देवेंद्र थपलियाल, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, ब्लाक प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी, संगीता डोभाल, कुसुम चमोली, नरेश, अमित तोपाल आदि मौजूद रहे।

# गढ़भोज प्रतियोगिता में अंजलि ने मारी बाजी



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत बुधवार को गढ़भोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने (मिलिट) मोटे अनाज से बनने वाले विभिन्न प्रकार के पकवान बनाएं। प्रतियोगिता का शुभारंभ कल्जीखाल के ज्येष्ठ उपप्रमुख अनिल नेगी ने किया। प्रतियोगिता में अंजलि को प्रथम पुरस्कार, ममतेश कुमार और प्रियांशु को संयुक्त रूप में द्वितीय पुरस्कार, नम्रता को तृतीय पुरस्कार, रोनिका और नृमता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका में कारगिल शहीद धर्म सिंह रावत राइंका के में कार्यरत शिक्षक अशीष नेगी, कल्जीखाल ब्लॉक में कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंदीप नेगी रहे। इस दौरान प्राचार्य केबी श्रीवास्तव ने महाविद्यालय में व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने घटती छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास में सभी का सहयोग जरूरी है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा की प्रदेश मंत्री मीरा रतूड़ी, प्रधान संगठन कल्जीखाल के अध्यक्ष रमेश चंद्र शाह, ग्राम प्रधान बेडगांव प्रमोद रावत, बडकोट प्रधान नवीन कुमार, समाजिक कार्यकर्ता एवं पीएलवी जगमोहन डांगी, विक्रम पटवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा, प्राध्यापक डॉ. राजीव कनौजिया, डॉ. शोभा रावत, डॉ. नीलम, डॉ. निशा चौहान, डॉ. मनीषा रावत, नंदकिशोर आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चौक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 182-DRM-MB-24-25 Dt. 24.09.2024 | 186-DRM-MB-24-25 Dt. 24.09.2024 |
|---|---|---|
| Name of Work | Heavy repair to leaky roof of staff quarters and service building in Railway North Colony MB. under ADEN/HQ/MB. (Estimate no. 129/2024) | Heavy repair of worn out floor by VDC flooring & pre cast RCC coping at PF-1 LKO end MB & Replacement of worn-out shelter sheet & coping stone at PF-4&5 at MB station under ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date/ Time | 17.10.2024 | 17.10.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 51,95,786.08 | 1,34,05,890.44 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,03,900.00 | 2,17,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 |
| Bidding Start Date | 03.10.2024 | 03.10.2024 |
| Period of Completion | 06 Month | 06 Month |

पत्रांक 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 24.09.2024 2973/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रोजेक्ट और क्विज में राइंका केवर्स रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : ब्लॉक स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी पौड़ी में किया गया। जिसमें पौड़ी ब्लॉक के 6 संकुलों के 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता और प्रोजेक्ट कार्य में राइंका केवर्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

क्विज प्रतियोगिता में घोड़ीखाल संकुल के राइंका केवर्स ने पहला, चरधार संकुल के राइंका क्यार्क ने दूसरा और कडारा संकुल के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कंडारा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अचल मॉडल प्रतियोगिता में चरधार संकुल से राजकीय इंटर कॉलेज क्यार्क ने पहला, घोड़ीखाल संकुल से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कड़ईखाल ने दूसरा और कंडारा संकुल से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पैडुल ने तीसरा स्थान हासिल किया। चल मॉडल प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पौड़ी नगर, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय घोड़ीखाल, राजकीय इंटर कॉलेज क्यार्क ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रोजेक्ट कार्य में राजकीय इंटर कॉलेज केवर्स ने पहला, राजकीय इंटर कॉलेज क्यार्क ने दूसरा और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घुड़दौड़ी तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में विजेंद्र भट्ट, विक्रम सिंह रावत, रविंद्र सिंह रौतेला, भगत सिंह भंडारी, कमल रावत, सुरेश पंवार, मंजू आर्य, नवीन डोभाल, सोहन सिंह लिंगवाल आदि ने सहयोग दिया।

### सात दिन से पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे लोग

चमोली : कर्णप्रयाग के पुजारीगांव, आईटीआई क्षेत्र, देवतोली, प्रेमनगर, मुख्य बाजार, शक्तिनगर, राजनगर, गांधीनगर व बहुगुणानगर के लोगों को पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन को सात दिन बाद भी ठीक नहीं किया जा सका। बुधवार को घटगाड़ की योजना से भी पानी की आपूर्ति नहीं हुई। ऐसे में लोग पानी के लिए दर-दर भटकते रहे। टेंकरों से सिर्फ सड़क के पास रहने वालों को पानी मिल सका। जिन लोगों के मकान सड़क से दूर हैं उन्होंने हेंड पंप या जखेड़ गदेरे से पानी लाकर काम चलाया। कालेश्वर से पुजारीगांव, आईटीआई क्षेत्र, देवतोली, प्रेमनगर, मुख्य बाजार, शक्तिनगर, राजनगर, गांधीनगर और बहुगुणानगर के करीब 12 हजार लोगों को रोजाना पानी मिलता है।

## बुग्यालों के संकट पर पर्यावरणविद चिंतित

चमोली : सीपी भट्ट पर्यावरण एवं संरक्षण केंद्र गोपेश्वर ने बुधवार से बुग्याल बचाओ अभियान के तहत यात्रा शुरू की है। यात्रा के प्रथम पड़ाव के तहत राइंका कुलसारी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यात्रा लोहाजंग, कूलिंग, वाण, वैदनी का भ्रमण करेगी। राजकीय इंटर कॉलेज कुलसारी में आयोजित गोष्ठी में बदरीनाथ वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी हरीश थपलियाल ने कहा कि बुग्याल ऊंचाई वाले चरागाहों के रूप में जाने जाते हैं। जो आज गंभीर संकट में हैं। प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता के लिए मशहूर ये बुग्याल अब अनियंत्रित पर्यटन, जलवायु परिवर्तन के कारण खतरे में हैं। जिसके लिए विभाग और स्थानीय समुदायों और पर्यावरणविदों द्वारा इनके संरक्षण के लिए आवाज उठाई जा रही है। कहा कि राज्य सरकार ने भी कुछ क्षेत्रों में पर्यटन को नियंत्रित करने के कदम उठाए हैं। बुग्याल संरक्षण के लिए नीतियों का पुनर्मूल्यांकन करने और स्थानीय समुदायों के सहयोग से इन्हें संरक्षित करने की योजना बनाई जा रही है। (एजेंसी)


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी०एस०टी० व ई०पी०एफ० में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 16.10.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 15.10.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 13/2024-25 | रू0 100/- | वि0वि0 उपखण्ड द्वितीय कोटद्वार के अन्तर्गत जमा मद में शिफ्टिंग का कार्य। | 5000.00 |

पत्रांक : 1953/विविखको/टी-6
दिनांक : 25.09.2024

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## एक नजर

### सात दिन से पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे लोग

चमोली : कर्णप्रयाग के पुजारीगांव, आईटीआई क्षेत्र, देवतोली, प्रेमनगर, मुख्य बाजार, शक्तिनगर, राजनगर, गांधीनगर व बहुगुणानगर के लोगों को पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन को सात दिन बाद भी ठीक नहीं किया जा सका। बुधवार को घटगाड़ की योजना से भी पानी की आपूर्ति नहीं हुई। ऐसे में लोग पानी के लिए दर-दर भटकते रहे। टेंकरों से सिर्फ सड़क के पास रहने वालों को पानी मिल सका। जिन लोगों के मकान सड़क से दूर हैं उन्होंने हेंड पंप या जखेड़ गदेरे से पानी लाकर काम चलाया। कालेश्वर से पुजारीगांव, आईटीआई क्षेत्र, देवतोली, प्रेमनगर, मुख्य बाजार, शक्तिनगर, राजनगर, गांधीनगर और बहुगुणानगर के करीब 12 हजार लोगों को रोजाना पानी मिलता है। 19 सितंबर को उमट्टा में हाईवे के ऊपर पहाड़ी पर भूस्खलन होने से जल संस्थान की 600 मीटर पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। उसके बाद से नगर के नौ मोहल्लों के लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। कर्णप्रयाग के जगदीश पुरोहित, अनिल कंडवाल, बृजेश बिष्ट, महेश हटवाल आदि ने कहा कि बुधवार को घटगाड़ योजना से भी पानी नहीं आया। कई लोग जखेड़ गदेरे से अपने वाहनों में पानी भरकर लाए और तब खाना बनाया व बच्चों के स्कूल ड्रेस धोए। (एजेंसी)

### महावीर रंवाल्टा को मिला श्री रघुनाथ कीर्ति हिंदी सेवा सम्मान

नई टिहरी : हिंदी साहित्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए इस वर्ष का श्री रघुनाथ कीर्ति हिंदी सेवा सम्मान प्रसिद्ध कथाकार महावीर रंवाल्टा को दिया जाएगा। 29 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा समापन पर पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक उन्हें यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। निदेशक प्रो. पीबीवी सुब्रह्मणयम ने बताया कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर द्वारा हर वर्ष श्री रघुनाथ कीर्ति सेवा सम्मान प्रदान किया जाता है। जिसमें साहित्यकारों से मिले आवेदनों का मूल्यांकन किया जाता है। इस बार प्राप्त 14 आवेदनों में से महावीर रंवाल्टा को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

### व्यापारियों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

नई टिहरी : नगर पंचायत लंबगांव में साफ-सफाई सहित अन्य मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज व्यापारियों ने आगामी निकाय चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। नाराज व्यापारियों का कहना है कि दो माह पूर्व मांगों को लेकर एसडीएम और पालिका ईओ को ज्ञापन भी सौंपा गया था। लेकिन मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। राज्य आंदोलकारी व स्थानीय व्यापारी देवी सिंह पंवार ने बताया कि लंबगांव नगर पंचायत बनने के बाद भी कोई खास तरक्की नहीं कर पाया है। एक ओर सरकार नगर पंचायत में स्वछता पखवाड़ा चला रही हैं। वहीं दूसरी ओर नगर में जगह–जगह गंदगी फैली हुई है। (एजेंसी)

### सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के अध्यक्ष बनें सोबन नेगी

रुद्रप्रयाग : सरकारी सस्ता गल्ला संघ रुद्रप्रयाग गोदाम की बुधवार को आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सोबन सिंह नेगी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके पश्चात संघ ने रुद्रप्रयाग विधायक को एक ज्ञापन सौंपते हुए गल्ला विक्रेताओं का अवशेष धनराशि दिलाए जाने की मांग की। बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित एक बारात घर में बचन सिंह कप्रवाण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजकीय अन्न भंडार स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के अलावा विक्रम नेगी उपाध्यक्ष, अजीत नौटियाल सचिव, कैलाश नेगी कोषाध्यक्ष, करण सिंह संयोजक, विक्रम सिंह को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा पंद्रह सदस्य भी बनाए गए। इसके पश्चात उचित मूल्य विक्रेताओं ने विधायक भरत सिंह चौधरी से मुलाकात कर एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में राशन विक्रेताओं का कहना है कि कोविड काल में राशन विक्रेताओं ने किसी की परवाह किए बिना सरकार की महत्वपूर्ण योजना को आम जनमानस तक पहुंचाया। लेकिन विक्रेताओं को कोविड काल के ग्यारह माह का लाभांश नहीं मिल पाया। जबकि इस वर्ष का नौ माह लाभांश भी नहीं मिला है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो चली है। उन्होंने विधायक से उनकी बात को सरकार तक पहुंचाने की अपील करते हुए लंबित धनराशि को शीघ्र निर्गत करने की मांग की। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से उचित मूल्य विक्रेता मौजूद थे।

# डीएम ने सुनी प्रभावितों की समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

### ज्योतिर्मठ मूल निवासी स्वाभिमान संगठन के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक




**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने ज्योतिर्मठ आपदा के कार्यों को लेकर बुधवार को मूल निवासी स्वाभिमान संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने संगठन के पदाधिकारियों को ज्योतिर्मठ की सुरक्षा के लिए शासन और प्रशासन के स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही संगठन की मांगों को शासन स्तर पर रख निस्तारित करने का भी आश्वासन दिया।

तहसील ज्योतिर्मठ में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि ज्योतिर्मठ की सुरक्षा को लेकर डीपीआर बनाई गई है। आगामी 30 वर्षों को ध्यान में रखकर ज्योतिर्मठ में सुरक्षा योजना पर काम किया जाएगा। साथ ही नगर की आवश्यकता के अनुसार ड्रेनेज व सीवर निकासी के लिये योजना की डीपीआर परीक्षण हेतु आईआईटी रुड़की भेजी गई है। जिसकी स्वीकृति मिलते ही नगर में सुरक्षात्मक कार्य किए जाएंगे। कहा कि वर्तमान तक ज्योतिर्मठ में आपदा प्रभावित रेड जोन के 482 परिवारों में से 217 परिवारों को मुआवजे का भुगतान किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने प्रभावितों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि जिले स्तर की समस्याओं का जल्दी ही निस्तारण किया जाएगा और शासन स्तर की समस्याओं के त्वरित निराकरण के हेतु शासन को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान प्रभावितों की ओर से बीआरओ की ओर निर्मित नालियों का पानी दुकानों में घुसने की बात कही गई। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को शीघ्र बीआरओ के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर में प्रतिबंधित नव निर्माण को लेकर जिलाधिकारी ने एसडीएम को नव निर्माण पर अविलंब रोक लगाने के निर्देश दिए। प्रभावितों ने नगर के संरक्षित क्षेत्रों में हल्के निर्माण करने की अनुमति देने, गौशाला इत्यादि परिसंपत्तियों का मूल्य निर्धारण करने, अलकनंदा नदी के तट पर चल रहे सुरक्षा कार्य की तरह धौली गंगा के तट पर भी सुरक्षा कार्य करने एवं आपदा के चलते व्यापारियों को हुए नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि संगठन की मांगों को शासन स्तर पर रख कर जल्दी निराकरण कराया जाएगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मूल निवासी स्वाभिमान संगठन के अध्यक्ष भुवन चंद उनियाल, सचिव समीर डिमरी, उपाध्यक्ष प्रकाश नेगी लक्ष्मण सिंह, भगवती प्रसाद नंबूदरी सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

## रैली निकालकर पोषणयुक्त खान-पान को लेकर किया जागरूक

चमोली : आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने नारायणबगड़ बाजार में रैली निकालकर सुरक्षित पोषाहार पर जन जागरुकता अभियान चलाया। बुधवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं पोषण माह सितम्बर के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ब्लाक मुख्यालय से परखाल तिराहा, एसबीआई मार्केट, जीतसिंह मार्केट होते हुए बस स्टैंड तक रैली निकाल कर पोषणयुक्त खान-पान के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास अधिकारी शकुंतला टम्टा, सुपरवाइजर सुमन नेगी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री ब्लाक अध्यक्ष मीरा बिष्ट, कुमारी लीला, लक्ष्मी देवी, दीपा देवी, आशा देवी, शकुंतला देवी, देवकी देवी, सुनीता देवी, कमला देवी आदि शामिल रही। (एजेंसी)

## शीत कालीन खेल कूद प्रतियोगितओं में एनपीआरसी गैरसैंण का रहा दबदबा

चमोली : आदिबदरी के खेल मैदान में बुधवार को गैरसैंण प्रखंड की तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा की खेल कूद प्रतियोगिताएं संपन्न हो गई। इन प्रतियोगिताओं में ऑवर ऑल राउड में एनपीआरसी गैरसैंण पहले, कुशरानी दूसरे तथा मेहलचौंरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के प्राथिमक वर्ग में मनीषा राप्रावि गडौत तथा जूनियर वर्ग में दिया राउप्रावि सारकोट ने व्यक्तिगत चेंपियनशीप हासिल की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, सुरेन्द्र सौरियाल, नरेन्द्र कुंवर, भरत कंसवाल, डीएस कुंवर, भागवत कोठियाल, जगदीश राज, प्रेम राम आर्य, मनीषा, मनवर राणा आदि कई शिक्षक शिक्षिकाएं थी। (एजेंसी)

# नियमितीकरण को ऊर्जा के उपनल कर्मियों ने शुरू किया आंदोलन

देहरादून। ऊर्जा के तीनों निगमों के उपनल कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बुधवार को प्रदेश भर में उपनल कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध विरोध जताया। हाईकोर्ट के समान काम के समान वेतन को लागू किए जाने की मांग की। देहरादून में ऊर्जा के तीनों निगम मुख्यालय समेत हर जिले में उपनल कर्मचारियों ने विरोध जताया। मैनेजमेंट, शासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। विद्युत संविदा एकता मंच के संयोजक विनोद कवि ने कहा कि शासन स्तर पर संविदा कर्मचारी नियमितीकरण नियामवली तैयार की जा रही है। इस नियमावली में सबसे पहले उपनल कर्मचारियों को समायोजित किए जाने की व्यवस्था की जाए। जब तक इस नियमावली में उपनल कर्मचारियों को शामिल नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि जब हाईकोर्ट उपनल कर्मचारियों को नियमित और समान काम का समान वेतन देने का आदेश कर चुका है, तो कार्मिक विभाग क्यों आनाकानी कर रहा है। संयोजक सुनील चौहान ने कहा कि उपनल कर्मचारी सिर्फ जायज अधिकार मांग रहे हैं। हाईकोर्ट ने जो व्यवस्था दी है, सिर्फ उसे लागू किए जाने को कह रहे हैं। यदि कर्मचारियों को नियमित न किया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। विरोध जताने वालों में अनिल नौटियाल, जितेंद्र नेगी, नीरज उनियाल, शीला बोरा, संगीता नेगी, हेमलता गोसाईं, मनोज जोशी, विनय कुमार, केसर सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष कुमार, मनोज लोहानी, विनीता रावत, पूनम छेत्री, अर्चना, स्वामी पंत, रजनी, पूजा लूथरा, ममता भट्ट, आरती आहूजा, स्नेहा मल्ल, पूजा गुसाईं, यशपाल रावत, केसर सिंह, राजेंद्र भंडारी, कविता जोशी, निलंबरी थापा, रणवीर सिंह, राहुल बिष्ट मौजूद रहे।

### पल्टन बजार में लगेगें हाईटैक कैमरे

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनमानस एवं व्यापरियों की सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापरियों की लम्बे समय से पल्टन बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाने की आ रही मांग पर जिलाधिकारी ने त्वरित स्वीकृति प्रदान करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर वार्ता कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा तथा अन्टाईड फंड से धनराशि प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी।

### विवाह समारोह में घुसकर मारपीट के आरोपियों पर मुकदमा

देहरादून। चन्द्रबनी गौतम कुंड मंदिर परिसर में मंगलवार को आयोजित विवाह समारोह के दौरान बड़ा हंगामा हुआ। आरोप है कि कुछ लोगों ने जबरन समारोह में घुसकर मारपीट की। पुलिस ने 10 नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता विनय थापा के अनुसार समारोह के दौरान राधा धोनी, उसकी बेटी सिया धोनी और उनके साथ आए कुछ लोगों ने मंदिर परिसर में उत्पात मचाया। समारोह में शामिल लोगों पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया।

हमलावरों में लकी, सिद्धार्थ प्रधान, पंकज रावत, विनय धीमान, सनी (रावण), सनी प्रधान, अभिषेक शर्मा, रोबिन क्षेत्री और अन्य लोग शामिल थे। हमलावरों ने मंदिर के पुजारी महंत हेमराज महाराज, अनु और विनय थापा को बुरी तरह पीटा।

# जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक के खिलाफ किया प्रदर्शन

नई टिहरी : अखिल भारतीय किसान सभा ने जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक के खिलाफ बुधवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बंदर, सूअर, भालू, गुलदार और लावारिस पशुओं से किसानों की खेती व जान माल की सुरक्षा के सवाल पर सरकार को घेरा। मौके पर जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की। बुधवार को किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम सेमवाल के नेतृत्व में नए बस अड्डे से रैली की शुरुआत करते हुए रुद्रा बैंड पहुंची। इसके बाद रुद्रा बैंड से वापस मुख्य बाजार होते हुए पेट्रोल पंप तक पहुंची। इस दौरान किसानों ने जंगली जानवरों से खेत खलिहानों व लोगों की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से कोई ठेस उपाय न उठाए जाने पर विरोध किया। इससे पूर्व नए बस अड्डे मे आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजाराम सेमवाल ने कहा कि बंदरों, सूअरों व जंगजी जानवरों के आतंक के सवाल पर देश भर में जिला मुख्यालय एवं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से बंदर, सूअर आदि जंगली जानवरों के आतंक पर रोक लगाने के लिए तत्काल कानून बनाने की मांग करते हुए किसानों को निजात दिए जाने की मांग की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि समूचे देश में जंगली जानवरों के आतंक से किसानों ने खेती करना बंद कर दिया है। कहा कि आज यह हालात पैदा हो गए हैं कि गांव में किसानी करने वाला व्यक्ति जंगली जानवरों के आतंक से बहुत परेशान हो गया है। जबकि शहरों में भी बंदरों का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों में सीटू जिला मंत्री वीरेंद्र गोस्वामी, जिलाध्यक्ष अषाड़ सिंह धिरवाण, पूर्व अध्यक्ष दौलत सिंह रावत, जय सिंह नेगी, नरेंद्र रावत, भावना रावत, जसपाल लाल, प्रताप लाल, बलवंत लाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### दिन भर छाए बादल हुई उमस भरी गर्मी

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय सहित जनपद के अधिकांश क्षेत्रों में बुधवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। जिस कारण उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हुए। देर रात तक बारिश की उम्मीद भी जताई गई। हालांकि शाम तक मौसम ऐसा ही बना रहा। बीते कई दिनों से जनपद में तेज धूप से गर्मी भी काफी महसूस की गई। धूप की तपन में चलने में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हालांकि बुधवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया हर्षिल में आयोजित "वाइब्रेंट विलेज परिचर्चा सम्मेलन" में प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हर्षिल में आयोजित 'वाइब्रेंट विलेज परिचर्चा सम्मेलन' में प्रतिभाग करते हुए जिले के सीमांत क्षेत्र के 'वाईब्रेंट विलेज' के ग्रामीणों से भेंट करने के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर विचार साझा किए।

सम्मेलन में राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी स्थानीय महिलाओं के साथ ही सीमांत क्षेत्र के आठ गांवों के निवासियों के साथ विभिन्न मामलों पर चर्चा की। राज्यपाल ने हर्षिल क्षेत्र एवं नेलांग–जादुंग के प्राकृतिक सौंदर्य को अनुपम व अद्वितीय बताते हुए इस क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं एवं सामाजिक परिवेश की प्रशंसा की। राज्यपाल ने इस क्षेत्र में खेती–बागवानी, पर्यटन तथा तीर्थाटन के क्षेत्र में विद्यमान संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हर्षिल क्षेत्र को सेब उत्पादन का सिरमौर बनाने के लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। राज्यपाल ने कहा कि गंगा व यमुना के उद्गम क्षेत्र वाले उत्तरकाशी जिले में साल–दर–साल तीर्थयात्रियों का आवागमन बढ़ता जा रहा है। जिले में पर्यटन से संबंधित गतिविधियां भी बढ़ती जा रही है। प्रशासन के द्वारा 25 से अधिक नए ट्रेक रूट विकसित किए जाने की तैयारी की जा रही है। सीमांत क्षेत्र के नेलांग–जादुंग गांवों को आबाद करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए जादुंग में होम स्टे बनाने की योजना शुरू कर दी गई है। इन गांवों को इनर लाईन की पाबंदियों से मुक्त किये जाने का प्रस्ताव है। वाईब्रेंट विलेज योजना के तहत इस सीमांत क्षेत्र के गांवों को संवारने का काम किया जा रहा है। ताकि इस सीमांत क्षेत्र की जीवंतता एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने ग्रामीणों और खासकर युवाओं का आह्वान किया कि बड़े सपने देखें और




उन्हें साकार करने के लिए संकल्पबद्ध हो जुट जाय। सरकार उन्हें पूरा सहयोग व समर्थन देने को तत्पर है।

राज्यपाल ने क्षेत्र की महिला समूहों के प्रयासों को सराहनीय बताते हुए कहा कि देश में अब बदलाव का नया दौर देखने को मिल रहा है। महिलाएं हर क्षेत्र में मजबूती से योगदान देकर उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित कर रही हैं और इस प्रयासों को सरकार पूरा समर्थन व प्रोत्साहन मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं के जीवन में बेहतर बदलाव लाने वाले इस दौर को अब कोई भी ताकत रोक नहीं सकती है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं सामर्थ्य और संभावनाओं से परिपूर्ण हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर राज्य की महिलाएं समाजार्थिक नजरिए से क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। राज्य के महिला समूहों का पिसा नमक दुनिया भर के विभिन्न हिस्सों में लोकप्रिय हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि महिला समूहों को अपने उत्पादन को बढ़ाने के साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता, पैकिंग व वैल्यू एडिशन पर अधिक ध्यान देना होगा। ताकि बाजार की प्रतिस्पर्धा में उनके उत्पाद टिक सकें और महिलाओं को अधिकाधिक लाभ मिल सके। राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन मार्केटिंग एवं डिजीटल लेन–देन में सक्षम बनने की अपेक्षा करते हुए कहा कि इससे उनके लिए नए व बेहतर अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जिले के सीमांत क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त किए जाने हेतु राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने मौजूदा भ्रमण के जरिए सीमांत क्षेत्र के विकास की योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु नई ऊर्जा व दिशा प्रदान की है। राज्यपाल के इन प्रयासों से सीमांत क्षेत्र के दस वाइब्रेंट गांवों को संवारने में काफी मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने जादुंग में होमस्टे निर्माण की योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्यपाल के निर्देशानुसार इस सीमांत क्षेत्र में होमस्टे की योजना से अधिकाधिक लोगों को लाभन्वित करने का प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नेलांग–जादुंग घाटी के साथ ही समूचे हर्षिल क्षेत्र को विकसित करने तथा खेती–बागवानी व पर्यटन को बढावा देने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे है।

# झमाझम बारिश के बीच महिलाओं का सचिवालय कूच

देहरादून(आरएनएस)। प्रदेश में पोषाहार राशन योजना का काम स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से छिनने का आरोप लगाते हुए महिला कांग्रेस और समूहों से जुड़ी महिलाओं ने सचिवालय कूच कर प्रदर्शन किया। बुधवार दोपहर कांग्रेस भवन से शुरू हुई महिलाओं की रैली को पुलिस ने सचिवालय गेट से पहले बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। जहां महिलाओं ने सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस बीच झमाझम बारिश भी शुरू हो गई। भारी बारिश के बावजूद महिलाएं मोर्चे पर डटीं रहीं और अपने हक की आवाज बुलंद की। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला धक्कामुक्की के बीच बैरिकेडिंग पर चढ़ गईं और सरकार को ललकारा। अध्यक्ष रौतेला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन करते हुए सचिवालय कूच किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में महिलाएं प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एकत्र हुईं, जहां से उन्होंने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सचिवालय कूच किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि एक तरफ सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ महिलाओं से काम छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में संचालित लगभग 10 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब दो लाख महिलाएं वर्ष 2013 से आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण का काम कर रही हैं, लेकिन अब यह काम केंद्रीय एजेंसी एनसीसीएफ को दिया जा रहा है, जो कतई तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार की महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने की बात महज एक दिखावा है। इस दौरान प्रदेश महिला उपाध्यक्ष नजमा खान, आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, महानगर अध्यक्ष उर्मिला थापा, चन्द्रकला नेगी, पुष्पा पंवार, निधि नेगी, पूनम सिंह, जिलाध्यक्ष अंशुल त्यागी, अनुराधा तिवारी, अमृता कौशल, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रीता नेगी, सचिव कोमल, फरजाना, निर्मला, भूरी, नन्दा, पिंकी, मीतू, रीना आदि अनेक महिलाएं शामिल थीं।

### खतौनी में विरासत चढ़ाने के आवेदन की रसीद दें लेखपाल

देहरादून। लेखपालों द्वारा खतौनी में विरासत चढ़ाने के आवेदन की प्राप्ति रसीद देने के लिए शासन द्वारा निर्देशित किया गया है। संयुक्त सचिव भूपेंद्र सिंह बोरा ने आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद् को चिट्ठी लिखकर परिषद् संबंधित जिलों के डीएम से समस्या निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद आशिक ने इस संबंध में शासन में शिकायत की थी।

उन्होंने कहा था कि प्रदेश में लेखपालों द्वारा आवेदकों को खतौनी में विरासत चढ़ने के आवेदन की कोई भी प्राप्ति रसीद नहीं दी जाती। जो न्याय एवं तर्कसंगत नहीं है। सेवा का अधिकार आयोग द्वारा खतौनी में विरासत चढ़ने का समय सात दिन निर्धारित किया गया है, लेकिन इसमें महीनों का समय लगा दिया जाता है। बिना किसी प्राप्ति रसीद के आवेदक सेवा का अधिकार आयोग में भी अपील नहीं कर सकते हैं। इससे व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके विधिक वारिसों को उनका हक मिलने में देरी हो रही है।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला से लाखों की धोखाधड़ी, केस दर्ज

देहरादून। ऑस्ट्रेलियाई मूल की महिला ने देहरादून में लाखों रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया। महिला की एसएसपी कार्यालय में दी गई तहरीर पर रायपुर थाना पुलिस ने नागपुर, महाराष्ट्र निवासी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि क्लेयर एलिजाबेथ डी वेट वर्तमान में हरचावाला, नालापानी, तपोवन रोड, रायपुर में रह रही हैं। उनका आरोप है कि महाराष्ट्र के नागपुर निवासी अविनाश रमेश चाकोले ने उन्हें धोखाधड़ी में फंसा लिया। क्लेयर ने बताया कि 28–29 अक्तूबर 2023 को उनकी मुलाकात एक टैटू स्टोर पर अविनाश चाकोले से हुई। जिसने खुद को अवित्य केमिकल प्राइवेट लिमिटेड का मालिक बताया। क्लेयर को आकर्षक निवेश योजनाओं का प्रस्ताव दिया। अविनाश ने उन्हें अपने आधार कार्ड और कंपनी की जानकारी भेजकर उनका विश्वास जीता। महिला का कहना है कि उन्होंने करीब 11 लाख रुपये का निवेश किया। क्लेयर ने बताया कि पहले कुछ महीनों में उन्हें मामूली ब्याज भुगतान मिला। मार्च 2024 के बाद उन्हें कुछ नहीं मिला। जब उन्होंने अपनी राशि वापस मांगनी शुरू की, तो अविनाश ने बहाने बनाते हुए तीन महीने की नोटिस की शर्त रख दी और बाद में जुर्माना लगाने की धमकी दी। क्लेयर के अनुसार, अविनाश ने धोखे से उनका पैसा निवेश करने का झांसा देकर हड़प लिया। कई बार अनुरोध करने पर भी जब पैसे वापस नहीं मिले तो क्लेयर ने एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। अविनाश ने इस पर गुस्से में आकर उन्हें कोर्ट में घसीटने की धमकी दी और कुछ समय बाद नई भुगतान योजना का प्रस्ताव दिया, जो भी पूरा नहीं हुआ। थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# परिवार के साथ धरने पर बैठेंगे पेयजल ठेका कर्मचारी

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ संगठन ने जल्द मांगें पूरी न होने पर परिवार के साथ धरने पर बैठने की चेतावनी दी।

ऐलान किया कि सचिवालय घेराव के बाद अब जल्द सीएम आवास घेराव किया जाएगा। समय पर पूरा वेतन न मिलने पर श्रमिकों ने नाराजगी जताई। नेहरू कालोनी जल भवन में बुधवार को भी पेयजल ठेका कर्मचारी धरने पर 44 वें दिन भी डटे रहे।

अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि 29 जुलाई से मुख्य महाप्रबंधक डिवीजनों को चार बार श्रमिकों को समय पर पूरा वेतन भुगतान सुनिश्चित किए जाने के आदेश दे चुकी हैं। इसके बाद भी अभी तक श्रमिकों को समय पर पूरा वेतन भुगतान नहीं हुआ है। इसे लेकर ठेका कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। महामंत्री मंगलेश लखेड़ा ने कहा कि ठेका प्रथा समाप्त कर श्रमिकों को सेवायोजन पोर्टल समेत अन्य आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से समायोजित किया जाए। ऐसा न होने पर श्रमिक अपने परिजनों के साथ आंदोलन पर चले जाएंगे। पूरे परिवार के साथ धरने पर बैठने के साथ सीएम आवास कूच करेंगे। विरोध जताने वालों में गढ़वाल मण्डल अध्यक्ष चन्द्र मोहन खत्री, मण्डल कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, शाखा अध्यक्ष पौड़ी सुरजीत डोबरियाल, प्रवीन डोभाल, कोमल पयाल, फतेह सिंह, जीएन गोस्वामी, सुरेन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### लोनिवि के आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

देहरादून। लोक निर्माण विभाग आउटसोर्स कर्मचारियों ने बुधवार को यमुना कॉलोनी स्थित एचओडी कार्यालय में धरना, प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी लगातार उनकी अनदेखी कर रहे हैं। शासन की ओर से आदेश होने के बावजूद उन्हें लागू नहीं कराया जा रहा है। लोनिवि आउटसोर्स मेट बेलदार संघ के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह ने इस दौरान कहा कि जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं कर ली जाती उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने मांग की कि विभाग में आउटसोर्स मेट, बेलदार की नियुक्ति ठेकेदारों की बजाए आउटसोर्स एजेंसियों के जरिए की जाए। जिन कर्मचारियों को पूर्व में निकाला जा चुका है उन्हें जल्द बहाल किया जाए। आउटसोर्स कर्मचारियों को ईपीएफ के साथ ही ईएसआई की सुविधा प्रदान की जाए।

# दून में आठ घंटे जटिल सर्जरी कर बचाई जान, ये नई जांचें हो गई शुरू

देहरादून। दून अस्पताल के सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने एक 40 वर्षीय व्यक्ति की जान बचाई है। प्रोफेसर डॉ. अभय कुमार की टीम ने 42 वर्षीय रामराज की सर्जरी की। मंगलवार को उन्हें आईसीयू से बाहर वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। प्रो. डॉ. अभय के मुताबिक उस व्यक्ति की आंत फटने का ऑपरेशन अन्य अस्पताल में हुआ था। बाद में आंतों में ब्लॉकेज हो गया। पेट के नीचे खाना नहीं जाता था, पेट, आंतें, लीवर आपस में चिपक गए थे। जटिल सर्जरी में आठ घंटे का समय लगा। टीम में एसआर डॉ. नैना सेंगर, पीजी चिकित्सक डॉ. रहनुमा मलिक, डॉ. स्वाति, डॉ. गुलशेर, एनेस्थीसिया से डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. शोभा एवं डॉ. पूजा शामिल रहे।

खून की उल्टी रोकने को एंडोस्कोपी बैंडिंगः सर्जरी विभाग की ओर से लिवर फेलियर के मामलों में खून की उल्टियां रोकने के लिए एंडोस्कोपी बैंडिंग शुरू कर दी गई है। निजी अस्पतालों में इसके लिए दस से पंद्रह हजार रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन दून अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत यह मुफ्त हो जाएगा। प्रोफेसर डॉ. अभय मंगलवार को इस प्रक्रिया को करेंगे।

दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दिमाग की ईईजी एवं ईईजी ब्रेन मैपिंग जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को प्राचार्य डॉ. गीता जैन ने इसका शुभारंभ किया। अस्पताल में मस्तिष्क की जांच ईईजी महज 354 रुपये और ईईजी ब्रेन मैपिंग 837 रुपये में होगी। निजी सेंटरों पर ईईजी 1500 से 2000 तक होती है। ईईजी ब्रेन मैपिंग 3500 रुपये में होती है। न्यूरो, साइकेट्री, ईएनटी, मेडिसिन विभाग में आने वाले मरीजों के लिए बड़ी राहत मिलेगी। एक निजी एजेंसी द्वारा सीजीएचएस दरों पर यह जांच की जाएगी। दोनों जांच से मिर्गी, एडीएचडी, अवसाद, न्यूरो, चिंता, ऑटिज्म, पीटीएसडी और बहुत सारी बीमारियों के मरीजों को मदद मिलेगी। प्राचार्य डॉ. गीता जैन ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए लेवल टू अल्ट्रासाउंड की जल्द सुविधा एवं कलर डॉप्लर और थ्रीडी अल्ट्रासाउंड जल्द शुरू की जाएगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com